राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

'भक्ति उत्सव' का समापन

संगीत, कव्वाली और सूफी कत्थक से परवान चढ़ा भक्ति उत्सव

जयपुर, 16 जून। 'राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की उपस्थिति में राजभवन में तीन दिन से चल रहे 'भक्ति उत्सव' का गुरुवार सायं सूफी संगीत, कव्वाली और कत्थक की सुंदर प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ । राज्यपाल श्री मिश्र ने इस आयोजन में हुई बेहतरीन प्रस्तुतियों के माध्यम से कला के विविध आयामों को प्रोत्साहन देने के लिए पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के प्रयासों की सराहना की।

इस कार्यक्रम में आज प्रख्यात नृत्यांगना मंजरी चतुर्वेदी ने अपनी पहली ही प्रस्तुति अमीर खुसरो के छाप तिलक सब छीनी से माहौल सूफियाना कर दिया। बदायूं से आए कव्वाल दानिश हुसैन ने सूफियाना कलाम अपनी सधी हुई अंदाज में पेश कर उनका बखूबी साथ निभाया । दोनों की जुगलबंदी अवधी रचना 'बहुत दिन बीते सैंया को मिले', कबीर के 'मेरा साहेब है रंगरेजवा', 'सांसों की माला पर सिमरूं मैं पी का नाम', 'हमन है इश्क मस्ताना' से होती हुई 'दमा दम मस्त कलंदर' पर परवान चढ़ी।

राज्यपाल श्री मिश्र, राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र सहित उनके परिजनों, सांसद श्री रामचरण बोहरा, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक श्रीमती किरण सोनी , राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल सहित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी एवं गणमान्य जन ने सांस्कृतिक संध्या का आनंद लिया।